हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ७ अंक ३५४ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० १७ जून २०२३ दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

## यमुना नदी में नहाते समय सगे भाई समेत चार डूबे, तीन की मौत

### एक ही परिवार के तीन सदस्यों का शव नदी से बाहर निकलते ही कोहराम मच गया



प्रखर कौशांबी। शुक्रवार को दोपहर में यमुना नदी में स्नान करने के दौरान दो सगे भाई और एक चचेरे भाई की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। एक किशोर को स्थानीय लोगों ने डूबने से बचा लिया। तीन लोगों के डूबने से परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार पिपरी कोतवाली क्षेत्र के सेवढ़ा गांव में शुक्रवार दोपहर यमुना नहाने गए सगे भाई समेत चार लोग गहरे पानी में समा गए। घाट पर मौजूद एक व्यक्ति के शोर मचाने पर पहुंचे स्थानीय गोताखोरों ने एक युवक को तो बचा लिया लेकिन सगे भाई व उनके चाचा के बेटे को नहीं बचा सके। एक ही परिवार के तीन सदस्यों का शव नदी से बाहर निकलते ही कोहराम मच गया। प्रयागराज के एयरपोर्ट में संविदा सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत लालचंद्र मूलरूप से कौशाम्बी जिले के सेवढ़ा गांव के रहने वाले हैं। वह घूमनगंज स्थित सरकारी आवास में परिवार के साथ रहते हैं। महीने भर पहले लालचंद्र का बड़ा बेटा रोहित (19) अपने छोटे भाई मोहित (18) के साथ गर्मी की छुट्टियां बिताने बाबा रामलखन के पास गांव आया था। शुक्रवार को करीब 11 बजे रोहित, मोहित अपने चाचा फूलचंद्र के बेटे सूरज के साथ घर से बिना बताए यमुना स्नान के लिए लिए निकले। उनके साथ गांव का नीतेश भी गया था। चारों लोग ऑटो से सेवढ़ा घाट पहुंचे और यमुना में नहाने लगे। नीतेश ने बताया दोपहर करीब दो बजे सूरज पैर फिसलने के कारण नदी में डूबने लगा। उसे डूबता देख रोहित, मोहित ौर वह बचाने के लिए आगे बढ़े तो वह भी डूबने लगे। घाट पर ही सेवढ़ा गांव का केशव अपनी भैंस को नहलाने गया था। उसने चारों को डूबता देखा तो शोर मचाते हुए सभी को बचाने के लिए नदी मे कूद पड़ा। नीतेश को तो उसने सकुशल बचा लिया लेकिन तीन लोगों का पता नहीं चल सका। शोरगुल होने पर पहुंचे स्थानीय मछुआरों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद एक–एक कर तीनों का शव बाहर निकाला। एक ही परिवार के सगे भाई समेत तीन सदस्यों की मौत से घाट पर परिजनों की चित्कार गूंज रही थी। एसडीएम चायल राहुल देव भट्ट भी फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा लेकिन घरवालों ने मना कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर लाश अंतिम संस्कार के लिए घरवालों को सौंप दी।

## टॉप टेन माफिया कुंटू सिंह की पत्नी ने किया सरेंडर

### पुलिस नहीं कर पाई थी गिरफ्तार



प्रखर आजमगढ़। प्रदेश के टॉप 10 अपराधियों में शामिल कुख्यात ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू सिंह की पत्नी वंदना सिंह ने सरेंडर कर दिया. शुक्रवार को वंदना सिंह ने दीवानी न्यायालय के कोर्ट संख्या 24 में आत्म समर्पण किया. इसके बाद न्यायालय ने वंदना को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया.सूबे के टॉप 10 माफिया में शामिल है कुंटू सिंहगौरतलब है कि कुख्यात अपराधी कुंटू सिंह का अपराधिक ग्राफ काफी लंबा–चौड़ा है. कुंटू सिंह का नाम हत्या, लूट, छिनैती समेत कई गंभीर अपराधों में शामिल है, जिसके चलते प्रदेश सरकार ने उसे सूबे के टॉप 10 अपराधियों की सूची में डाल दिया है. बताया जाता है कि कुंटू अपराध की दुनिया में काफी समय से सक्रिय था. लेकिन, 19 जुलाई 2013 को पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू की हत्या के बाद सुर्खियों में आ गया.घटना के कुछ ही दिन बाद ही शहर की कोतवाली पुलिस ने कुंटू को गिरफ्तार कर लिया. इसके बाद 17 मई 2022 को कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुना दी. कुंटू तब से ही जेल में बंद है. कुंटू ने अपने जरायम की कमाई से कई विद्यालय स्थापित किए थे. इसका प्रबंधक उसने अपनी पत्नी वंदना सिंह को बनाया. इन स्कूलों की मान्यता लेने के लिए वंदना पर फर्जीवाड़ा के आरोप में जिले में कई मुकदमें दर्ज हैं. इसके साथ ही वंदना सिंह पर तत्कालीन एसपी सुधीर कुमार सिंह ने 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था. पुलिस वंदना की तलाश में लगातार जुटी थी. शातिर कुंटू सिंह की तरह उनकी पत्नी भी काफी शातिर निकली, जिसका परिणाम रहा कि पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी. शुक्रवार को वंदना सिंह दीवानी न्यायालय के कोर्ट संख्या 24 में न्यायाधीश हर्ष आनंद के समक्ष पेश होकर सरेंडर कर दिया.

## युवक को दी गई तालिबानी सजा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल



प्रखर जौनपुर। जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक को रस्सी से बांधकर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से हो रहा वायरल, तस्वीर में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक युवक को ग्रामीणों द्वारा रस्सी से बांधकर इतनी बुरी तरह मारपीटा गया कि उसके सिर और चेहरे पर स्पष्ट रूप से खून बहता हुआ दिखाई दे रहा हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि यदि ग्रामीणों को वह युवक संदिग्ध लगा तो उसे पकड़ कर स्थानीय थाना पुलिस को सूचित करना था न की उसे बेहरमी से पीटना चाहिए। रस्सी से बांधकर एक युवक की बेरहमी से इस कदर पिटाई की गई की लाठी तक टूट गई। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस बेरहमी से पीटा गया है। युवक की पिटाई का वीडियो तालिबानी सजा से कम नहीं दिखाई दे रहा हैं। जो बना हुआ है चर्चा का विषय। बताते चलें कि ग्रामीणों द्वारा एक युवक का हाथ पैर बांधकर पिटाई का वायरल वीडियो लाइन बाजार थाना क्षेत्र के कलीचाबाद के किसी गांव का बताया जा रहा हैं

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का मिला शव



**सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम के लिए**

प्रखर गंभीरपुर आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के धरनीपुर बिषया गांव निवासी राजकुमार सरोज 36 वर्ष पुत्र बलिहारी की शुक्रवार की सुबह लगभग 7रू30 बजे गांव के बाहर मंगई नदी के किनारे शव मिला सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस में सब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक राजकुमार मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता था गुरुवार की शाम को लगभग 4रू00 बजे वह अपने घर से निकला देर रात तक घर न पहुंचने पर परिवार के लोग उसे काफी खोजबीन किए लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला कि शुक्रवार की सुबह लगभग 7रू30 बजे गांव के बाहर मंगई नदी के किनारे एक व्यक्ति के शव मिलने की सूचना मिली अगल बगल के लोग जब वहां पहुंचे तो उसकी पहचान राज कुमार सरोज पुत्र बलिहारी सरोज के रूप में हुई। मृतक पांच बच्चियों अंजलि, आरती, अंशिका, अंजू,सीता का पिता है। मृतक की पत्नी सोनी का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में गंभीरपुर पुलिस कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है।

## स्कॉर्पियो से ले जाकर दो युवकों ने युवती से किया बलात्कार

प्रखर जौनपुर । कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती को प्रेमी ने स्कॉर्पियो से ले जाकर सुनसान स्थान पर दोस्त के साथ मिलकर बलात्कार किया और शादी का झांसा देकर गुमराह किया । पीड़ित युवती ने एसपी और डीएम से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है । जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक डिग्री कॉलेज के पास कंप्यूटर सीखने एक 20 वर्षीय युवती जाती थी और वही पदुमपुर निवासी एक युवक से युवती का प्रेम हो गया। युवती का आरोप है युवक ने प्रेम जाल में फंसा कर उसे शादी की बात करने लगा । जिस पर युवती राजी थी यह सिलसिला चलता रहा। विगत दिनों प्रेमी ने युवती को एक डिग्री कॉलेज के पास बुलाया और वहां वह उसका साथी स्कॉर्पियो लेकर खड़ा था । युवती को स्कॉर्पियो में बिठा कर दोनों उसे सुनसान स्थान पर ले गए । जहां दोनों ने मिलकर उसका बारी–बारी से दुष्कर्म किया। और उसके बाद लावारिस छोड़कर चले गए कहा कि अगर किसी से बताओगी तो जान से मार देंगे । लोक लाज के डर से वह चुप रही। लेकिन मानसिक रूप से व्यथित एवं अवसाद ग्रस्त हो गई। जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई उन्होंने कोतवाली मे लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। लेकिन पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जिसके बाद पीड़ित पुलिस अधीक्षक से मामले की जानकारी लिखित रूप से दिया और डीएम को भी पत्र भेजकर मदद की गुहार लगाई और दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ कार्यवाही करने करने की मांग की ।

## कार – बाइक की भीषण टक्कर में 3 की मौत 8 घायल



प्रखर शाहजहांपुर। कार और बाइकों की टक्कर से मासूम समेत तीन की मौत, आठ लोग घायल होंगे। जानकारी के अनुसार जलालाबाद–शाहजहांपुर मार्ग पर कार और दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार मासूम समेत तीन लोगों की मौत हो गई। कार में सवार सात लोग घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार भी जख्मी हुआ है। जलालाबाद–शाहजहांपुर मार्ग पर दोपहर करीब 0330 पर एक बोलेरो और दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर मोबाइल में पत्नी की एक तस्वीर देखी थी, जिसे देखकर पति आपा खो बैठा। मरने वाले एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। मृतकों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। वहीं बोलेरो गाड़ी में बैठे सात लोग घायल हुए हैं। दूसरी बाइक पर सवार युवक को भी चोट आई है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया है। मृतकों की शिनाख्त कराने के प्रयास कर रही है।

## बाइक में ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, तीन गंभीर रूप से जख्मी, इलाज के दौरान एक युवती की मौत

प्रखर मिर्जापुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के ददरा गांव के पास मिर्जापुर सोनभद्र मार्ग पर लगभग 3रू25 बजे एक बाइक पर सवार युवती सहित तीन लोगों को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दिया।जिससे बाइक सवार तीनो गम्भीर रूप से जख्मी हो गए।तीनो घायलों को ग्रामीणों की मदत से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया।जहां तीनो की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल मिर्जापुर रेफर कर दिया है। जहा युवती की इलाज के।दौरान मौत हो गई। थाना क्षेत्र के धनसिरिया गांव निवासी रवि मौर्या 26 वर्ष अपने पिता जंग बहादुर 52 वर्ष को साथ लेकर बुद्दवार को अपने मामा के घर धुरकर गया।जहा से गुरुवार को अपनी मामा की लड़की ज्योति मौर्या 22 वर्ष तथा रवि व जंग बहादुर एक ही बाइक से धनसिरिया वापस आ रहे थे। जैसे ही मिर्जापुर सोनभद्र मार्ग पर ददरा गांव के पास पहुचे।कि पीछे से आ रही ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया।जिससे बाइक सवार तीनो सड़क के किनारे गिरकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गए।वही बाइक ट्रक में फस गयी।जिसे ट्रक लगभग 50 मीटर घसीट ले गयी। गंभीर रूप से घायल तीनो को आसपास के ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां तीनों की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल मिर्जापुर रेफर कर दिया है। जहा देर रात जिला अस्पताल में इलाज के दौरान ज्योति मौर्या की मौत हो गई । पुलिस घटना से संबंधित ट्रक को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही जुटी है।

## भदोही मुख्यमंत्री की डैशबोर्ड मानीटरिंग में सूबे में टॉप



**जघन्य अपराधों में संलिप्त 98.19 फीसदी आरोपितों की गिरफ्तारी**

प्रखर भदोही,। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में अपराधियों के खिलाफ जमकर कार्रवाई हुईं है। भदोही पुलिस जघन्य अपराधों में संलिप्त 98.19 फीसदी आरोपितों की गिरफ्तारी कर पूरे प्रदेश में नंबर वन की रैकिंग हासिल किया है। भदोही पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नकेल कसी है। पिछले पांच माह से जघन्य अपराध से सम्बंधित आरोपितों की गिरफ्तारी में जनपदीय पुलिस प्रदेश में नंबर वन रही है। जघन्य अपराधों के निस्तारण व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से की जा रही मानीटरिंग के अनुसार मुख्यालय से जारी आकड़ों में जघन्य अपराधों की प्रतिशत गिरफ्तारी में जनपद भदोही द्वारा 98.19: आरोपितों की गिरफ्तारी की गयी है। जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। जिसके आधार पर जघन्य अपराधों जनपद भदोही को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। भदोही का लम्बित प्रकरण पूरे प्रदेश में महज 0.81 प्रतिशत रहा है जो सूबे मे सबसे कम है। जिसके आधार पर निस्तारण में प्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि भदोही पिछले माह में प्रदेश में दूसरे स्थान पर था। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार ने विवेचकों के साथ–साथ थानों पर सीसीटीएनएस कार्य में नियुक्त कर्मियों को पूर्ण मनोयोग से कार्य और इस सफलता के लिए बधाई दिया है। जनपदीय क्वार्डिनेटर अमित पाण्डेय (सीसीटीएनएस) को सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रही सभी कार्यवाही में निरन्तर सुधार करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। इसके साथ कम्प्यूटर आपरेटरों एवं विवेचकों को प्रशिक्षित भी किया

## अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के रामपुर स्थित ओवर ब्रिज के समीप एक अज्ञात वाहन के धक्के से 22 बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। बताया जाता है कि बड़ागांव के कोइरीपुर निवासी सूरज मौर्य का 22 वर्षीय पुत्र आलोक मौर्य अपनी पल्सर बाइक से जौनपुर गई मित्र के बारात से शुक्रवार को भोर में 4 बजे घर लौट रहा था। तभी रामपुर स्थित एक ढाबे के समीप पीछे से तेज गति से आये चार पहिया वाहन ने उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अविवाहित था और दो भाइयों में सबसे छोटा था। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु भेज दिया।

# 'जयतु जयतु हिन्दुराष्ट्रम् के उद्घोष में 'वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव' उत्साही वातावरण में प्रारंभ !




**'हलाल'के माध्यम से चल रहे आर्थिक आक्रमण को उत्तर दें ! – रणजित सावरकर, कार्याध्यक्ष, स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक**

वर्तमान स्थिति में हिन्दू 80 प्रतिशत हैंय परंतु जाति, प्रांत में विभाजित हो गए हैं । वर्ष 1790 में इस भारत में हिन्दुओं की संख्या लगभग 100 प्रतिशत थी । मोहम्मद बिन कासिम का आक्रमण हुआ और उसने हिन्दुओं में पडी हुई फूट का उपयोग कर हिन्दू राजा दाहिर का पराभव किया । हिन्दू संगठित नहीं हैं, यह हमारे पराभव का प्रमुख कारण है । नौखाली में जिस प्रकार हिन्दुओं का हत्याकांड हुआ, उसी प्रकार आज भी बांग्लादेश में हिन्दुओं के सिर काटे जा रहे हैं । प्राचीन लडाई तलवार के बल पर थी तथा आज की लडाई आर्थिक स्तर पर चल रही है । 'हलाल जिहाद' के माध्यम से प्रत्येक क्षेत्र, व्यवसाय मुसलमान नियंत्रण में ले रहे हैं । उसका प्रत्युत्तर देने के लिए प्रत्येक व्यवसाय में हिन्दुओं को जोडकर अपनी आर्थिक शक्ति बढाकर उसका उत्तर देना पडेगा, ऐसा आवाहन 'स्वातंर्त्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक' के कार्याध्यक्ष एवं वीर सावरकरजी के पोते श्री. रणजित सावरकरजी ने किया । वे 'श्री रामनाथ देवस्थान', फोंडा, गोवा के 'वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव' अर्थात एकादश 'हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन' के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे । इस अधिवेशन में देश विदेश तथा भारत के विविध राज्यों के 312 से अधिक हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित हैं ।

'वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव' से एकत्रित हुई हिन्दू शक्ति हिन्दू राष्ट्र निर्माण के लिए जोडी जाएगी ! – सद्गुरु (डॉ.) चारुदत्त पिंगळे, राष्ट्रीय मार्गदर्शक, हिन्दू जनजागृती समिती खालिस्तान का आतंकवाद, श्रीरामनवमी–हनुमानजयंती आदि त्योहारों पर दंगों की बढी हुई संख्या, समलैंगिक विवाह का समर्थन, 'लिव इन रिलेशनशिप' के व्यभिचार को मान्यता, अश्लीलता का बढता प्रकोप, अनैतिकता को संवैधानिक बनाने का प्रयत्न सहित अनेक आवाहन हिन्दुओं के सामने हैं । इन सर्व समस्याओं पर 'सेक्युलर' राज्यव्यवस्था में कोई उत्तर नहीं है तथा शाश्वत हिन्दू राष्ट्र ही उसका उत्तर है । सनातन धर्मदर्शन में हिन्दू विश्व, अर्थात वैश्विक हिन्दू राष्ट्र का विचार है । इसलिए यह 'वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव' एक प्रकार का जनमंथन है । इस जनमंथन से एकत्रित हिन्दू शक्ति ही हिन्दू राष्ट्र निर्माण के विश्वकल्याणकारी कार्य के लिए जोडी जानेवाली है, ऐसा प्रतिपादन हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सद्गुरु (डॉ.) चारुदत्त पिंगळेजी ने इस अवसर पर किया ।

**ग्रंथों का लोकार्पण !**

इस अवसर पर 'सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवलेजी की अनमोल सीख' (खंड १) रू साधना प्रत्यक्ष सिखाने की पद्धति' इस हिन्दी एवं मराठी ग्रंथ का लोकार्पण भागवताचार्य श्री राजीवकृष्णजी महाराज झा, पू. भागिरथी महाराज, पू. रामज्ञानीदास महात्यागी महाराज, अधिवक्ता पू. हरिशंकर जैन, महंत दीपक गोस्वामी के हस्ते तथा ठाणे (महाराष्ट्र) के श्री. दुर्गेश परुळकर लिखित ग्रंथ 'महाभारत के अलौलिक चरित्र रू खंड १, निष्काम कर्मयोगी भीष्म' का लोकार्पण श्री. दुर्गेश परुळकर, सद्गुरु डॉ. चारुदत्त पिंगळे, केरलीय क्षेत्र परिपालन समिति के आचार्य पी.पी. एम. नायर, प.पू. यतीमाँ चेतनानंद सरस्वती के करकमलों से किया गया । अधिवेशन का प्रारंभ शंखनाद एवं मान्यवरों के करकमलों से दीपप्रज्वलन कर किया गया । दीपप्रज्वलन के उपरांत वेदमंत्रों का पठन हुआ । इस समय सनातन संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवलेजी के संदेश का वाचन सद्गुरु सत्यवान कदम ने किया । इस अवसर पर श्रृंगेरी के दक्षिणम्नाय श्री शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री श्री भारती तीर्थ महाराज के उत्तराधिकारी जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री श्री विधुशेखर भारती महाराज ने दिए हुए आशीर्वादरूपी संदेश का 'वीडियो' दिखाया गया । धर्म पर श्रद्धा बढाने के लिए एवं धर्म का आचरण होकर धर्म की रक्षा होने के लिए ऐसे अधिवेशनों की अत्यंत आवश्यकता है ।', ऐसा उन्होंने इस संदेश में कहा है । इसके साथ ही कर्नाटक के पेजावर मठ के श्री विश्वप्रसन्नतीर्थ स्वामीजी के संदेश का भी वाचन किया गया । अधिवेशन के निमित्त ट्विटर पर #HinduRashtra_4_UniversalWelfare इस हैशटैग द्वार हिन्दू राष्ट्र की चर्चा देशभर में हो रही है, यह दिखाई दिया । इस अधिवेशन का सीधा प्रसारण हिन्दू जनजागृति समिति के जालस्थल HinduJagruti-org द्वारा तथा 'भ्पदकनश्रंहतनजप' इस 'यू–ट्यूब' चौनल द्वारा भी किया जा रहा है ।

## पीजी कालेज बना पी–एच०डी० कोर्स वर्क अध्ययन केंद्र , प्रवेश प्रारम्भ




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिले के होनहार छात्रों के लिए खुशखबरी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा गाजीपुर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर को पी–एच०डी० कोर्स वर्क कराने हेतु अध्ययन केंद्र के रूप में नामित संस्थाओं की सूची में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से इस सम्बन्ध में जारी आदेश पत्र में इस बात का उल्लेख है कि गाजीपुर में शासकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों में अध्ययनरत पी–एच०डी० छात्रों के लिए चिन्हित अध्ययन केंद्र बनाए गए हैं। जहां उनके पी–एच०डी० कोर्स वर्क पूरा करना है। इस बाबत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि हमारा महाविद्यालय छात्र संख्या और संसाधन के आधार पर जनपद में सबसे बड़ा और क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रदेश में सबसे बड़ा महाविद्यालय है। विश्वविद्यालय की ओर से दी गई पी–एच०डी० कोर्स वर्क की जिम्मेदारी को हमारा महाविद्यालय सकुशल सम्पन्न करने में सक्षम है। कुलपति महोदया के निर्देश के क्रम में कुलसचिव द्वारा जारी आदेश के क्रम में महाविद्यालय में पी–एच०डी० कोर्स वर्क में पंजीकरण फॉर्म हेतु वितरण शुरू हो गया है। संबंधित शोध छात्र–छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पी–एच०डी० कोर्स वर्क के सह–समन्वय डॉ०अरुण कुमार यादव से पंजीकरण फार्म लेकर या महाविद्यालय के वेबसाइट से डाउनलोड कर कोर्स वर्क फॉर्म को भर कर जरूरी प्रपत्रों के साथ कृषि अर्थशास्त्र एवं सांख्यकी विभाग में जमा कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

## हो रहा विवाद !

**कृष्णेन्द्र राय**



आई नई फिल्म है ।  
हो रहा विवाद ।।  
सुन सकते चाहे तो ।  
आप भी संवाद ।।  
असली और नकली से ।  
रहना सावधान ।।  
पर खोना ना आपा ।  
बना रहे सम्मान ।।  
अक्सर कुछ ना कुछ ।  
है होता बवाल ।।  
फिर क्यों ऐसा काम ?  
हैं उठते सवाल ।।  
भावना से लेकिन ।  
ना हो अब खिलवाड़ ।।  
सही दिशा में हर दम ।  
रहे ये दहाड़ ।।

# भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न से नाराज सांसद ने थानाध्यक्ष के स्थानांतरण के लिए एसपी को लिखा पत्र

प्रखर गौराबादशाहपुर जौनपुर। गौराबादशाहपुर थानाध्यक्ष रमेश कुमार के खराब कार्यशैली तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार और थाने पर तैनात सिपाही अशोक यादव द्वारा अवैध रूप से धनउगाही के शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए भाजपा सांसद बीपी सरोज ने एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा को पत्र लिखकर उनके तत्काल स्थानंतरण की मांग की है। इस दौरान पत्र में सांसद ने आरोप लगाया है कि थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता की जाती है। तथा थाने पर तैनात सिपाही अशोक यादव द्वारा धनउगाही किया जाता है। सांसद ने जल्द से जल्द थानाध्यक्ष व उक्त सिपाही का स्थानांतरण करने की मांग की है।

इस संदर्भ में पूछे जाने पर सांसद मछलीशहर बीपी सरोज ने बताया कि कार्यकर्ताओ द्वारा कई बार बताया गया की थानाध्यक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं को थाने पर देखते ही अभद्रता करते है। इसलिए एक सप्ताह पूर्व कार्यकर्ताओ ने थाने के गेट पर प्रदर्शन भी किया था। कार्यकर्ताओ का उत्पीड़न बिल्कुल भी नही बर्दाश्त की जाएगी। एसपी से शिकायत की गई है। एसपी द्वारा आश्वाशन मिला है कि जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा का लाभार्थी सम्मेलन जखनिया में संपन्न



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को सनसाइन सभागार जखनिया में भाजपा केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिस के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा भाजपा सरकार पूर्ण रूप से गरीबों को समर्पित है। भाजपा की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करते हुए मानव एकात्मवाद के सिद्धांत पर चलते हुए हर शोषित वंचित दलित सभी दबे कुचले समाज के लोगों को सरकार की सारी योजनाएं शुचिता ·और पारदर्शिता के साथ शत प्रतिशत उपलब्ध हो रही है। पूर्वत की सरकारें गरीबों के नाम पर राजनीति करते थी,धर्म के नाम पर बंटवारा करते थे पर उनके जीवन में परिवर्तन हो सुधार हो वह ऐसा कोई कार्य विगत 60 वर्षों में नहीं किया। जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है गरीबों के उत्थान के लिए नई योजनाएं संचालित हो रही हैं, उनके उत्तर प्रदेश की योगी सरकार साथ साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। और सारी योजनाएं बिना भेदभाव के हर तबके और हर वर्ग धर्म को मिल रही है। पीएम आवास, मुख्यमंत्री आवास, उज्जवला, आयुष्मान, सौभाग्यवती, जनधान, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, अटल पेंशन, किसान सम्मान निधि, स्किल डेवलपमेंट, मुद्रा योजना ऐसी सैकड़ों योजनाएं हैं, जो समाज की तस्वीर और तकदीर बदल रही हैं। उन्होंने कहा कि आप का जरूर आकलन करें कि पूर्व सरकारों ने अच्छा काम किया है कि वर्तमान में जो सरकार चल रही है वह अच्छा काम कर रही है और जो आपके लिए काम कर रहा है, उसके साथ खड़े रहे। लाभार्थी सम्मेलन के बाद 19 जून को आयोजित डिप्टी सीएम के सभा स्थल का निरीक्षण उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी के साथ किया और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर जिला महामंत्री ओम प्रकाश राय, प्रवीण सिंह, दया शंकर पांडेय, विधानसभा संयोजक मुराहु राजभर, जिलाउपाध्यक्ष विपिन सिंह, सरोज मिश्रा, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा, रामराज बनवासी, रमेश सिंह पप्पू, उमाशंकर यादव, धर्मवीर राजभर, पीयूष सिंह, अशोक गुप्ता, मृदुला पांडेय, अनीता चौहान, मीनू उपाध्याय, अरविंद चौहान, हंसराज राजभर, अटल सिंह राकेश राजभर सहित भारी संख्या में लाभार्थी महिलाएं, पार्टी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

# शनिवार को मिलेगी बिजली 22 जून के बाद बदला जाएगा पैनल

प्रखर अहरौरा मिर्जापुर । अहरौरा विद्युत सबस्टेशन से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को पावर हाउस में पैनल बदले जाने के कारण अब बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी क्योंकि यह कार्य अब 22 जून के बाद किया जाएगा। जे ई राकेश पटेल ने बताया की मुख्यमंत्री के आदेशानुसार 22 जून तक बिजली कटौती पर रोक लगा दी गई है इसलिए बिजली आपूर्ति बाधित करके पेनल बदलने का कार्य नहीं किया जाएगा।पैनल अब 22 जून के बाद मौसम सामान्य होने पर बदला जाएगा।

# वरुणा की जेठ में सूखी हलक, प्यास बुझाने को अंजूरी भर नहीं जल



**पूर्वांचल के किसानों की लाइफ लाइन है वरुणा, बरसात में दिखती है गंगा**

**अथर्ववेद और ब्रह्मपुराण में मिलता है वरुणा नदी का उल्लेख**

**योगी सरकार डेनमार्क से वरुणा के कायाकल्प को किया है समझौता**

प्रखर भदोही। पूर्वांचल के प्रयागराज, जौनपुर, भदोही और वाराणसी तक 202 किमी का सफर लहराते और बलखाते हुए तय करने वाली वरुणा में अंजुरी भर जल नहीं है। जेठ और अषाढ़ की दोपहरी में नदी खुद प्यासी है और तलहटी में दरारें पड़ी हैं। यहा तक की जंगली जानवरों, पशु–पक्षियों की प्यास बुझाने तक के लिए पानी नहीं है। पानी की तलाश में जानवर गांवों तक पहुंचते हैं। जबकि बारिश के मौसम में इसी वरुणा की उफानती लहरें गंगा जैसी दिखती हैं। वरुणा नदी का उल्लेख अथर्ववेद में भी पाया जाता है। इसे गंगा की उपनदी माना है। भगवान विश्वनाथ की जीवंत काशी वरुणा और अस्सी के बीच में बसी है। वाराणसी में यह अस्सी नदी के में जाकर मिलती है। वरुणा और अस्सी मिलने की वजह से बनारस का नाम वाराणसी पड़ा। वाराणसी के उत्तर दिशा में नदी प्रवाहित होती है। अथर्ववेद में इस नदी का उल्लेख वरणावती नाम से है। समझा जाता है कि उसी का बिगड़ा रूप वरुणा है। ब्रह्मपुराण में भगवान शिव माता पार्वती से कहते हैं कि वरुणा और अस्सी दोनों नदियों के मध्य वाराणसी स्थित है। अग्नि पुराण में भी वरुणा एवं अस्सी नदियों का उल्लेख है। वरुणा नदी का उद्गम स्थल प्रयागराज के फूलपुर में बताया जाता है। यह मैलहन नामक स्थान के इनऊझ ताल से निकली है। यह स्थान फूलपुर–बादशाहपुर–जौनपुर राजमार्ग पर स्थित है। इसे वरुणा नामक स्थान से जाना जाता है। यहां पर प्राचीन वरुणेश्वर महादेव का मंदिर स्थापित है। यह बेहद प्राचीन और विशाल है। यहां प्रसिद्ध मेला लगता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार प्राचीन काल में यहां बहुत बड़ा अकाल पड़ा था। जिसके बाद लोगों ने जल के देवता वरुण का आह्वान किया। वरुण भगवान प्रकट हुए और उन्होंने तीर चलाया। मान्यता है कि जिस जगह तीर गिरा वहीं से जल की धारा फूट पड़ी। जिसके बाद उस उद्गम स्थल का नाम वरुणा हो गया। कहा जाता है कि वरुणजी ने ही यहां स्थापित प्राचीन शिवलिंग की स्थापना कराई थी। जिसकी वजह से इस नाम को वरुणेश्वर महादेव के नाम से जानते हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने वरुणा नदी के उद्गम और अन्य स्थलों पर पर्यटन की संभावना तलाशने में जुटी है। नदी के कायाकल्प के लिए डेनमार्क से समझौता हुआ है। कुछ महीने पूर्व डेनमार्क की टीम वाराणसी, भदोही और वरुणा के उद्गम स्थल का दौरा किया था। समझौते के बाद वरुणा का कायाकल्प कितना हो पाएगा यह तो वक्त बताएगा। लेकिन वर्तमान समय में वरुणा की हालत बेहद खस्ता है। वाराणसी में जहां है शहर के नालों, फैक्ट्रियों का अपशिष्ट, केमिकल युक्त जल गिर रहा है। जिसकी वजह से पानी एकदम जहरीला और प्रदूषित हो गया है। भदोही में भी शहर के गंदे नाले और फैक्ट्रियों का पानी सीधे वरुणा में गिर रहा है। भदोही में वरुणा के कायाकल्प के नाम पर ग्राम पंचायतों ने लाखों रुपए डकार लिए, लेकिन वरुणा का उद्धार नहीं हो पाया। सुरियावां और भदोही ब्लॉक में वरुणा की खुदाई के नाम पर करोड़ों रुपए बर्बाद हो गए फिर भी जेठ की दुपहरी में एक बूंद पानी नहीं है। मनरेगा जैसी योजना में लाखों रुपए का बजट बह गया। हरियाली प्रदान करने के लिए वृक्षारोपण के नाम पर भी खूब पैसे लूटे गए, लेकिन एक भी पेड़ दिखाई नहीं दे रहा है। भदोही जनपद के युवा जिलाधिकारी गौरांग राठी से उम्मीद है कि वरुणा की खुदाई के नाम पर मनरेगा में जो धन की लूट हुई उसकी जांच होनी चाहिए। जिलाधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर वित्तीय घपले पर लगाम कसनी चाहिए। अगर काम हुआ है तो अच्छा नहीं तो जाँच में दोषी पाए जाने वाली ग्राम पंचायतों से पैसे की वसूली होनी होनी चाहिए। क्योंकि वरुणा की खुदाई की आड़ में मनरेगा से आनावश्यक बजट खारिज होता है। नदी खुदाई के नाम पर रोक लगनी चाहिए। वरुणा पूर्वांचल के प्रयागराज, जौनपुर, भदोही और वाराणसी के किसानों की लाइफ लाइन है। वारिस के में गंगा जैसी विकराल दिखती है, लेकिन जेठ में चुल्लू भर पानी नहीं रहता। भदोही और जौनपुर की सीमा को विभाजित करती है। भदोही में तो एक ही नदी को तीन–तीन बाद पार करना पड़ता है। वरुणा को अगर सतत जलवाहिनी बना कर सीधे नहरों से जोड़ दिया जाए तो यह किसानों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी। जहाँ आसपास इलाके का जलस्तर उठेगा वहीं खेती के लिए वरदान साबित होगी। वरुणा सिर्फ नदी नहीं है पूर्वांचल के इन जिलों की संस्कृति और संस्कार भी है। अब इसकी प्यास कब बुझेगी अपने आप में बड़ा सवाल है।

# अभद्र टिप्पणी के लिए फेसबुकिया संजय पर कांग्रेसियों ने किया मुकदमा



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोशल नेटवर्क के जरिए तमाम फेसबुक और अन्य जरिए से लोगों पर अभद्र टिप्पणी तथा वीडियो वायरल कर माहौल खराब किया जाता है।उसी तरह का एक मामला देखने को मिला है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील राम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर संजय मिश्रा उर्फ फौजी जो जिनकू पंडित नाम से फेसबुक आईडी चलाते हुए जवाहरलाल नेहरू, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर अभद्र टिप्पणी करके उनके चरित्र को धूमिल करने का प्रयास किया है। उसके ऊपर आपराधिक मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की मांग की है। सुनील राम ने कहा है कि संजय मिश्रा के ऊपर मुकदमा दर्ज कर सरकार उसे जेल भेजने का काम करें। सोशल मीडिया पर हो रहे इस तरह से आपत्तिजनक टिप्पणी पर लगाम लगाने की भी सरकार को कोशिश करनी चाहिए। सचिव डॉक्टर जनक कुशवाहा ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक कार्य धड़ल्ले से हो रहा है। परंतु सरकार इसे रोकने में नाकामयाब है। शहर अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा ने कहा कि संजय मिश्रा जैसे तमाम लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चरित्र हरण करने का काम कर रहे हैं और सरकार मौन है। रविकांत राय ने कहा कि संजय मिश्रा पर जल्द से जल्द कार्रवाई हो, नहीं तो कांग्रेसी कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। जिस तरह वे हमारे बड़े नेताओं का टारगेट कर रहे हैं निश्चित तौर पर वह दिवालिया है। यदि सरकार उस पर कार्रवाई नहीं करती है तो हम आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मार्कंडेय सिंह, राजीव कुमार सिंह, चंद्रिका सिंह, राजेश गुप्ता, राकेश राय, मनीष राय, आशुतोष गुप्ता, हामिद अली, रूद्रेश निगम, राघवेंद्र चतुर्वेदी, रईस अहमद, कैलाशपति कुशवाहा, संजय गुप्ता, राशिद हाशमी, मोहम्मद इस्लाम, मास्टर राजेश उपाध्याय, माधव कृष्णा, ओम प्रकाश पांडे, ज्ञान प्रकाश मुन्ना, विनोद सिंह, शशि भूषण राय, शंभू कुशवाहा, लखान श्रीवास्तव, अच्छे लाल कुशवाहा, आलोक यादव, पूनम गुप्ता, तथा ब्रजमोहन वकील सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# पतजंलि योग भवन में योग शिविर शनिवार से

प्रखर पिंडरा वाराणसी। क्षेत्र के बरजी स्थित पतजंलि योग भवन में 17 से 21 जून तक विशेष योग शिविर आयोजन किया गया है।

बनारस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बने उक्त भवन में 9 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष शिविर का आयोजन होगा। 5 दिवसीय योग शिविर सुबह 6 बजे से चलेगा जिसका नेतृत्व पूर्व आईएएस तथा भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ एन पी सिंह करेंगे। उक्त जानकारी प्रिंसिपल ए0के0 शुक्ला ने दी।

# दर्शनार्थियों से भरी कार ट्रक से टकराई, 11 घायल



प्रखार मिर्जामुराद वाराणसी। स्थानीय थाना क्षेत्र के तमाचा बाद स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर शुक्रवार की दोपहर में विंध्याचल के दर्शन कर लौट रहे दर्शनार्थियों से भरी कार सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक से जा टकराई। जिसमेकार में सवार कुल 11 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मऊ जिले के मुहम्मदाबाद थाना अंतर्गत सैदपुर निवासी संतोष कुमार परिवार के 11 सदस्यों के साथ स्कॉर्पियो कार में सवार होकर मिर्जापुर जनपद स्थित मां विंध्यवासिनी के दर्शन हेतु गए हुए थे। कि दर्शन कर के वापस लौटते समय मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के तमाचाबाद (कछवा रोड) स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट स्कॉर्पियो कार असंतुलित हो सड़क किनारे खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। दुर्घटना में कार सवार महिमा चौहान,अजय चौहान, संतोष, उषा, अंशिका, उमा,भूपेंद्र,प्रियंका, प्रशांत, शीला, उपेंद्र, लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे कछवा रोड चौकी प्रभारी अतुल मिश्रा ने घायलों को उपचार हेतु निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिमा चौहान की हालत नाजुक होने के कारण उनको ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। इधर पुलिस के पहुंचने से पहले ही चालक कंटेनर लेकर भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों की माने तो जिस जगह पर दुर्घटना हुई है वह जगह दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र हो गया है, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र होने का यही कारण है कि तमाम ट्रके सड़क पर ही पार्क कर दी जाती हैं। जिसकी वजह से जाम व दुर्घटनाएं हो रही है ।

# रीढ़ की हड्डी की बीमारी दूर करता है लोलक आसन –जय सिंह



**योग सप्ताह के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा**

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मुक्तांगन परिसर में विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को दूसरे दिन मुख्य प्रशिक्षक जय सिंह गहलोत एवं सहायक प्रशिक्षक विकास सिंह ने योग के कई अभ्यास कराएं। योगाभ्यास में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। योगाभ्यास में लोलक आसन कराया गया। इससे माँसपेशियों को गर्म करना, रीढ़ की हड्डी में लचक बढ़ाना और शरीर के संतुलन में सुधार किया जा सकता है। इसके बाद कोण आसन कराया गया। यह रीढ़ की हड्डी और शरीर के दोनों पार्श्वों को तानता है। उदर के अंगों, भुजाओं और टाँगों की माँसपेशियों की टोनिंग करता है। कोण आसन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि इससे रीढ़ की हड्डी और शरीर के दोनों ओर की मांसपेशियों को संतुलित करता है, बाजू टांगों और पेट के अंगों की टोनिंग करता है। इसी क्रम में कटि चक्र आसन, हस्तपाद आसन,उत्कट आसन, बंधकोणासन, कपाल भाति, योग निद्रा का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर प्रो अजय द्विवेदी, डॉ मनोज कुमार पाण्डेय, , डॉ विवेक पाण्डेय, डॉ पुनीत सिंह, डॉ विनय वर्मा, मदन मोहन भट्ट, संतोष यादव, राजेंद्र प्रताप सिंह, राजन गुप्ता, रजनीश सिंह समेत करीब 156 विद्यार्थियों, कर्मचारियों, परिवार जनों एवं सुरक्षा कर्मियों ने प्रतिभाग किया।

# सर्वेश यादव ने नीट परीक्षा में 650 अंक प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र का मान



प्रखर वाराणसी। नीट परीक्षा में वाराणसी जिले के चौबेपुर के अजाव गांव निवासी अशोक यादव के पुत्र सर्वेश यादव ने नीट परीक्षा में 650 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। बता दें कि नीट परीक्षा का परिणाम घोषित हो चुका है और हजारों की संख्या में बच्चों ने नीट परीक्षा पास की है। वही चौबेपुर के श्री सुभाष इंटर कॉलेज से पढ़े सर्वेश यादव ने अपने चौथे प्रयास में नीट परीक्षा पास कर क्षेत्र सहित परिवार का मान बढ़ाया है। नीट परीक्षा पास करने के बाद उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बता दे कि सर्वेश ने नीट परीक्षा में 720 में से 650 अंक प्राप्त किए हैं, जिसके बाद ऑल इंडिया रैंक 7141 मिली है। लोग बताते हैं कि पारिवारिक स्थिति अच्छी नहीं थी फिर भी सर्वेश के पिता ने उन्हें पढ़ाया और पढ़ाई में मेधावी रहे सर्वेश ने पिता के सपनों को साकार कर दिया। कड़ी मेहनत कर सर्वेश ने यह सफलता हासिल की। इनके पिता ट्रक ड्राइवर हैं। रात दिन ट्रक चला कर पैसा कमा कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उसी में से अपने बेटे को भी पढ़ाई के लिए पैसा देते थे। जिससे बाद उनका बेटा आज उनकी मेहनत को साकार करते हुए नीट परीक्षा पास कर उनके वर्षों के सपने को साकार कर दिया।

# डॉ ज्ञान प्रकाश सिंह की पत्नी पूजा सिंह भी बनी डॉक्टर, परिवार में खुशी की लहर



प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के अंतर्गत गंगौली निवासी अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक शिव शंकर सिंह के पुत्र एवं असिस्टेंट प्रोफेसर टीडी लॉ कॉलेज पीली कोठी जौनपुर के डॉ ज्ञान प्रकाश सिंह की धर्मपत्नी पूजा सिंह ने भी विधि विषय में पीएचडी करके डॉक्टर बानी। विवाह के 17 वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद भी श्रीमती सिंह ने अपने अथक प्रयास एवं संपूर्ण पारिवारिक दायित्व जैसे एक आदर्श बेटी एक आदर्श बहू एवं एक आदर्श पत्नी चाहे एक आदर्श मां हो का कुशलपूर्वक निर्वहन एवं साथ ही अध्ययन अध्यापन करते हुए एलएलबी एलएलएम एवं पीएचडी जैसी महान उपलब्धि प्राप्ति की। इनका अदम्य साहस एवं कुशल व्यवहार महिलाओं एवं बच्चियों को शिक्षा के प्रति उत्सुक जागरुक एवं प्रेरित करेगा साथ ही इनका सादा जीवन उच्च विचार की सोच सरल स्वभाव पारंगत गृहणी का होना भी समाज के लिए अनुकरणीय रहेगा। इनके कुशल निर्देशन की ही देन है कि इनके दोनों बच्चों ने कक्षा पांचवी एवं कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही इन्होंने अपने मायके तथा अपने ससुराल दोनों ही गांव में विधि विषय में प्रथम पीएचडी डिग्री धारक बनकर दोनों ही गांवों का नाम रोशन किया। इसके साथ ही पति एवं पत्नी दोनों ने एक ही विषय में पीएचडी कर अपने कॉलेज ही नहीं वरन अपने बारह गांव निकुंभ क्षत्रिय परिवार तहसील जिले ही नहीं संपूर्ण उत्तर प्रदेश में अपना एक स्थान बनाकर इतिहास रचने का प्रयास किया। इन दोनों लोगों ने अपने जीवन रूपी रथ के दो पहिए को बराबर रखते हुए अर्धनारीश्वर स्वरूप के सिद्धांत को साकार करने का प्रयास करते हुए अपने जीवन के अनुकरणीय प्रयास से समाज में एक आदर्श प्रस्तुत किया है। इनका धर्य सच्ची लगन एवं अथक परिश्रम ही इनकी सफलता का मूल मंत्र है इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने इष्ट देव एवं आदर्श गुरुजनों को दिया। इनके इस उपलब्धि से घर परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# रजिस्ट्री ऑफिस स्थानांतरण को लेकर सिविल वार ने लिया दो–दो हाथ करने का निर्णय



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सिविल बार संघ की एक बैठक संघ के कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें गाजीपुर रजिस्ट्री ऑफिस के स्थानांतरण को लेकर अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश है । बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा रजिस्ट्री आफिस के स्थानांतरण का ठीकरा जनपद के प्रभारी मंत्री पर थोपा गया जिस पर अधिवक्ताओ का प्रतिनिधि मंडल वृहस्पतिवार को प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल से मिलकर रजिस्ट्री आफिस को अपने पुराने स्थान पर करने की मांग की गई जिसकी कोई ठोस और मजबूत आश्वासन न मिलने की स्थिति में अधिवकतो ने रजिस्ट्री आफिस वापस लाने के लिए लड़ाई लड़ने के मूड में आ गए है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को संघ और संघर्ष समिति की बैठक करके आंदोलन करने की रणनीति बनाए । बैठक में संघ द्वारा यह घोषणा किया गया की 20 जून दिन सोमवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे और सिविल बार संघ , कलेक्ट्रेट बार संघ , सेंट्रल बार संघ की संयुक्त बैठक कर आगे के आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी । बैठक में अधिवक्ताओ ने अधिकारियों और सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की जनता की समस्याओं को बढ़ाने और अधिवक्ता के मान सम्मान के साथ यह दुर्व्यवहार महंगा पड़ेगा। । अधिवका हमेशा समाज हित और आम जन की सुविधा के लिए कटिबद्ध है । रजिस्ट्री आफिस के कचहरी से दूर हो जाने से अधिवक्ताओं के साथ ही आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा । इसलिए आम जनता के हित के लिए अधिवक्ता हर कुर्बानी देने को तैयार है लेकिन रजिस्ट्री आफिस को कचहरी से दूर नही होने देगा । बैठक में प्रमुख रूप से संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश सिंह, सिद्धनाथ राय धीरेंद्र नाथ सिंह ,वीरेंद्र पांडेय , संजय सिंह कुशवाहा, राजेश प्रताप सिंह लियाकत अली, मारुति कुमार राय ,अशोक भारती ,शशि ज्योति विवेकानंद, अभिमन्यु ,शकील अहमद, समता बिंद ,पंकज श्रीवास्तव, दीपक पाण्डेय ने अपनी बात रखी बैठक की अध्यक्षता सिविल बार संघ के अध्यक्ष सुधाकर राय और संचालन रतन लाल श्रीवास्तव ने किया।

# पुलिस लाइन स्थित समागार कक्ष में व्यापार मण्डल की बैठक कर सुनी गयीं उनकी समस्याएं तथा सुरक्षा व सहयोग का दिया गया भरोसा



प्रखर मिर्जापुर। पुलिस अधीक्षक 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत जनपद के बैंक प्रबधकों, बैंक मित्रों, सर्राफा व्यवसायियों, पेट्रोल पम्प मालिकों एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा सुरक्षा व सहयोग का भरोसा दिया गया । उनकी सुरक्षा के साथ ही उनके व्यापार में आनी वाली सुरक्षा संबंधी समस्याओं को प्रत्येक व्यापारी बन्धु से पूछ कर जानकारी की गयी तथा साथ ही समस्याओं को दूर करनें के लिए पुलिस के माध्यम सें हर संभव प्रयास करनें की बात कही गयी और उनसे ये भी कहा सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने अपने प्रतिष्ठानो/दुकानों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगायें । किसी प्रकार के अपराधी या व्यक्ति द्वारा धमकी आदि दी जाती है तो तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें । उक्त बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर सहित व्यपार मण्डल नगर अध्यक्ष, जनपद के व्यापारी बन्धु, बैक मित्र व अन्य सम्मानित पदाधिकारी मौजूद रहे

# जिलाधिकारी ने लगाई ग्राम चौपाल, पशु चिकित्सक का रोका वेतन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन विकास खण्ड देवकली के ग्राम तुरना मे किया गया। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारी डा0 विवेक के कार्य में लापरवाही की शिकायत एवं पशुओ का टीकाकरण न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टिकरण एवं अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का निर्देश दिया। चौपाल में जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालय, आवास, हैंड पम्प के संचालन, वृद्धापेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन, राशन वितरण, के सम्बंध में जानकारी ली एवम प्रत्येक पात्रों को योजना का लाभ दिये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बच्चों के टिकाकारण एवम ई कवच पोर्टल पर फीडिंग एवम दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। पेंशन के छुटे हुए लाभार्थी को तत्काल लाभ दिलाने का निर्देश दिया। उन्होनें कहा कि कोटेदार फूड सेफ्टी से सम्बंधित सारी नियमो का पालन करते हुए साथ साफ सफाई का ध्यान रखेगे। उन्होने ग्राम में छूटे पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड बनाये जाने एवं छुटे हुए नामों को बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने बी सी सखी से गाव में किये गए कार्यो की जानकारी ली तथा गांव के ऐसे बूढ़े बुजुर्ग जो बैंक तक नही जा सकते, उनकी बैंकिंग सेवा में सहयोग हेतु बी सी सखी को निर्देश देते हुए गॉव में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने को कहा। इस ग्राम चौपाल में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचने का सत्यापन किया गया। ग्राम वासियों को खुली बैठक में सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया कि उन्होने अधिकारियों को निराश्रित, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन के पात्र लाभार्थियों का चयन करते हुए पेंशन का लाभ दिलाया जायें। चौपाल मे प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को अध्यापकों द्वारा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ताध्स्तर के संबंध में भी खुली चौपाल के दौरान ग्राम वासियों से सत्यापन किया गया। प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि 26 जून से स्कूल खुल रहे है एवं स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत घर–घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित कर विद्यालय में नामांकन कराया जायें। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में करायें। बैठक में हैंडपंप रिबोर, छात्रवृत्ति, मनरेगा आदि कार्यो के बारे में भी सत्यापन किया गया। व्यक्तिगत शौचालय के पात्र लाभार्थियों का आनलाईन आवेदन कराने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। बाल विकास की समीक्षा मे दौरान गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण तथा पुष्टाहार वितरण तथा कोटेदार द्वारा समय से राशन बाटने एवं विजली की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने ग्राम में मिशन शक्ति अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि गॉव में ऐसे संदिग्ध तथा अपराधियों एवं शरारती तत्वों के बारे मे पुलिस को जानकारी दें जिससे अराजक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके। ग्राम मे होने वाले छोटे–मोटे विवादों मे न उलझे इस सम्बन्ध मे सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर निराकरण कराये। कार्यक्रम मे अन्त मे मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामों मे संचालित सभी योजनाओं के बारे मे विस्तार से लोगो को अवगत कराया तथा अन्य विभागो के अधिकारियों ने अपने–अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे मे लोगो को जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, उपजिलाधिकारी सैदपुर, उप निदेशक कृषि, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, खण्ड विकास अधिकारी देवकली, समाज कल्याण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, डी0पी0ओ0, जिला पंचायत राज अधिकारी ,एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजकीय होम्योपैथी जिला चिकित्सालय, में एक वैज्ञानिक संगोष्ठी एवम् जनजागरूकता शिविर आयोजित किया गया



प्रखर वाराणसी। विश्व रक्तदान दिवस के उपलब्ध में राजकीय होम्योपैथी जिला चिकित्सालय,भेलूपुर, वाराणसी में एक वैज्ञानिक संगोष्ठी एवम जनजागरूकता शिविर आयोजित किया गया। संगोष्ठी में डॉ अनिल कुमार गुप्ता,प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा रक्तदान की आश्यकता, उससे होने वाले फायदे और उससे जुड़ी हुई भ्रांतियों पर उपस्थित मरीजों की जिज्ञासाओं को शांत किया। डॉ गुप्ता ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बार थींम खून दो,प्लाज्मा दो,जीवन साझा करों, रखी है।रक्तदान में दूसरों के साथ अपनाफायदा ,क्यों है जरूरी

–रक्तदान कर एक शख्स दूसरे शख्स की जान बचा सकता है।

–रक्त का किसी भी प्रकार से उत्पादन नहीं किया जा सकता और न ही इसका कोई विकल्प है।–देश में हर साल लगभग 250 सीसी की 4 करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत पड़ती है। सिर्फ 5,00,000 यूनिट रक्त ही मुहैया हो पाता है।

– हमारे शरीर में कुल वजन का 7: हिस्सा खून होता है।

– आंकड़ों के मुताबिक 25 प्रतिशत से अधिक लोगों को अपने जीवन में खून की जरूरत पड़ती है।क्या हैं फायदे–– रक्तदान से हार्ट अटैक की आशंका कम हो जाती है। डॉक्टर्स का मानना है कि डोनेशन से खून पतला होता है, जो कि हृदय के लिए अच्छा होता है।– एक नई रिसर्च के मुताबिक नियमित रक्तदान करने से कैंसर व दूसरी बीमारियों के होने का खतरा भी कम हो जाता है, क्योंकि यह शरीर में मौजूद विषैले पदार्थों को बाहर निकालता है।– रक्तदान करने के बाद बोन मैरो नए रेड सेल्स बनाता है। इससे शरीर को नए ब्लड सेल्स मिलने के अलावा तंदुरुस्ती भी मिलती है।– रक्तदान सुरक्षित व स्वस्थ परंपरा है। इसमें जितना खून लिया जाता है, वह 21 दिन में शरीर फिर से बना लेता है। रक्त की मात्रा तो शरीर 24 से 72 घंटे में ही पूरा बन जाता है।

**रक्तदान करने से पहले**

– रक्त देने से पहले मिनी ब्लड टेस्ट होता है, जिसमें हीमोग्लोबिन टेस्ट, ब्लड प्रेशर व वजन लिया जाता है। रक्तदान करने के बाद इसमें हेपेटाइटिस बी व सी, एचआईवी, सिफलिस व मलेरिया आदि की जांच की जाती है। इन बीमारियों के लक्षण पाए जाने पर डोनर का ब्लड न लेकर उसे तुरंत सूचित किया जाता है।– रक्त की कमी का एकमात्र कारण जागरूकता का अभाव है।– 18 साल से अधिक उम्र के स्त्री–पुरुष, जिनका वजन 50 किलोग्राम या अधिक हो, वर्ष में तीन–चार बार ब्लड डोनेट कर सकते हैं।– रक्तदान करने योग्य लोगों में से अगर मात्र 3 प्रतिशत भी खून दें तो देश में ब्लड की कमी दूर हो सकती है। ऐसा करने से असमय होने वाली मौतों को रोका जा सकता है।

– रक्तदान करने से पहले व कुछ घंटे बाद तक धूम्रपान से परहेज करना चाहिए।– रक्तदान करने वाले शख्स को रक्तदान के 24 से 48 घंटे पहले शराब का सेवन नहीं करना चाहिए।रक्तदान करने से पहले पूछे जाने वाले सभी प्रश्नों के सही व स्पष्ट जवाब देना चाहिए।–रक्तदान करने के बाद आप पहले की तरह ही कामकाज कर सकते हैं। इससे शरीर में किसी भी तरह की कमी नहीं होती–रक्तदान करने वालो की गलतफहमी दूर होना आवश्यक है तथा रक्तदान नहीं करने वाले भी ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करके खुद भी स्वस्थ रहे तथा कई लोगों की जान बचा सके। शिविर में उपस्तित जनसमूह को नियमित रक्तदान करने की शपथ दिलाकर कृतसंकल्पित भी किया।डॉ निधि,योग प्रशिक्षक मनीष पांडेय एवम रीता जायसवाल,विनोद प्रसाद,फरीदा बेगम,संदेश प्रजापति, सत्यम सिंह,उषा,रेहाना, खुर्सीद आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# ग्रामीणों ने रोका गांव सभा की जमीन पर निर्माण कार्य, दो पक्षों में तनाव



प्रखर मिर्जापुर। मड़िहान तहसील क्षेत्र के गढ़वा ग्राम सभा स्थित सार्वजनिक जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोक दिया। विवाद बढ़ने से गांव में तनाव पैदा हो गया है। चुनार क्षेत्र के बगही गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा गढ़वा के चिक्सी मजरे में जमीन रजिस्ट्री कराया गया है। जब कि ग्रामीणों का आरोप है कि बैनामा भूमि का आराजी नम्बर313 गांव के नक्शा सड़क से पीछे है। आरोप लगाया जा रहा कि सड़क पर गांव सभा की जमीन है। राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से गांव सभा की जमीन पर नापकर जमीन दे दिया गया। एतराज करने पर भूस्वामी बिबाद करने पर आमादा हो रहे हैं। जिससे गांव में तनाव बढ़ रहा है। इस सम्बंध में तहसीलदार फूलचन्द्र यादव ने बताया कि लेखपाल द्वारा जमीन की नापी कर चिन्हित किया गया है।

# संघ कुछ अलग नहीं करता वही करता है जो सनातन कहता है – अनिल जी




प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत द्वारा आयोजित संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष के प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उ०प्र० क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी ने कहा कि संघ कुछ भी अलग नहीं करता है वह सिर्फ वही करता है जो सनातन कहता है। उन्होने आगे बोलते हुए कहा कि प्रखर राष्ट्रभक्ति ही देश की समस्याओं का एकमात्र समाधान है। आगे बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत 98 वर्षों से संघ अपनी शाखा एवं कार्यक्रमों के माध्यमों से राष्ट्रभाव का जागरण कर रहा है। वाराणसी के बाबतपुर स्थित एस. एस. पब्लिक स्कूल में पिछले 20 दिनों से चल रहे संघ शिक्षा वर्ग के प्रथम वर्ष के समापन के दिन मुख्य वक्ता के रुप में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सम्पूर्ण देशभर में इस प्रकार के 108 वर्ग पूरे हो रहे हैं। इन वर्गों की दिनचर्या भी एक विशेष प्रकार की होती है। प्रशिक्षार्थी स्वयंसेवक भीषण गर्मी में साढ़े चार घण्टे का शारीरिक, सभी सुख सुविधाओं को त्याग कर और अपने प्रशिक्षण का शुल्क देकर सहर्ष ही वर्ग पूरा करता है। आज की युवा पीढ़ी का सबसे बड़ा त्याग सचल दूरभाष (मोबाइल) से दूर रहना होता है। प्रारम्भ के दिनों से ही सभी के मोबाइल जमा हो जाते हैं। इस वर्ग में केवल शिक्षार्थी स्वयंसेवकों का ही प्रशिक्षण नहीं होता अपितु व्यवस्था में लगे सैकड़ों स्वयंसेवक कार्यकर्ताओं का भी प्रशिक्षण होता है। इस वर्ग के माध्यम से इस विद्यालय के आस–पास के लगभग 40 ग्रामों के समाज के सभी वर्गों के परिवारों से माताओं–बहनों के द्वारा बनायी गयी रोटियां आयी। इस वर्ग में रोटी एकत्रिकरण के माध्यम से उन परिवारों का भी भावनात्मक लगाव इस वर्ग के साथ जुड़ा। पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संघ के सभी प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के परिवारों का आत्मीय भाव जागरण हुआ। उन्होंने आगे कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी के अधूरे सपने को साकार करने का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कर रहा है। स्वामी जी का बड़ा प्रसिद्ध वाक्य था ष्देशभक्ति की भावना से ओत–प्रोत यदि 100 नवयुवक मिल जाये तो इस देश की तस्वीर को बदल दूं।ष् स्वामी जी अल्पायु में ही हम सभी को छोड़कर चले गये। उनके अधूरे सपने को पूरा करने का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कर रहा है। इस राष्ट्र भाव के जागरण का परिणाम आज सम्पूर्ण देश में देखने को मिल रहा है। अगर हम पूर्वोत्तर के राज्य (7 सिस्टर) की बात करें तो आज के तीन दशक पहले नागालैण्ड का व्यक्ति जब दिल्ली जाता था तो अपने स्वजनों से बोलता था कि मैं इण्डिया जा रहा हूँ। आज यह तस्वीर बदली हुई है। कभी पूर्वोत्तर राज्य के बन्धु बान्धव बन्दूकों के साये में जीवन गुजारते थे। महिनों कर्फ्यू लगते थे, आन्दोलन करके चक्काजाम किया करते थे। आज उन्हीं सड़कों पर नवयुवक भारत माता की जय बोलता हुआ, हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा निकालता है। चाहे शहर हो, गांव हो या वनवासी क्षेत्र हो जहां शासन तंत्र की सुविधाएं नहीं पहुंच पाती वहां संघ का स्वयंसेवक सेवा के कार्य कर रहा है, सर्वदूर इसके परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। विगत वर्षों में स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के कार्यक्रम गांव–गांव, कस्बे कस्बे में हुए, समाज ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम में सहभाग लिया। उन्होंने परिसर में उपस्थित स्वयंसेवकों से आह्वान करते हुए कहा कि संघ समाज के अन्दर देशभक्ति, समाजभक्ति एवं स्व के भाव का जागरण करते हुए सामाजिक समस्याओं का निवारण समाज के द्वारा ही करना चाहता है। आज का समाज जो सरकारों के ऊपर आश्रित होता जा रहा है, वहां से संघ इस समाज को उठाकर उसी समाज के संगठित शक्ति के आधार पर कार्य करना चाहता है। संघ का मानना है कि सरकार के काम सरकार करे एवं समाज के कार्य समाज करे। समाज की क्षमता सरकार की क्षमता से भी कहीं अधिक है। इसका ताजा उदाहरण हम देखें तो पिछले दो वर्षों में कोरोना काल में समाज ने अपनी क्षमता का परिचय जिस ढंग से दिया है, इससे सिद्ध होता है कि समाज की क्षमता सरकार की क्षमताओं से कहीं अधिक है। संघ समाज से आह्वान करता है कि स्व की प्रेरणा से समाज की संगठित शक्ति के बल पर समाज की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान करने के लिए आगे बढ़ें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा माता मन्दिर काशी के महन्त शंकर पूरी ने वर्ग समापन के अवसर पर कहा कि ये जो 20 दिनों का प्रशिक्षण वर्ग चलता है, इसमें राष्ट्रीय विषयों, शैक्षिक विषयों एवं सामाजिक विषयों पर राष्ट्र सुरक्षा से सम्बन्धित वैश्विक परिस्थितियों में राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक कार्य करते हैं। समाज के सभी वर्गों को सशक्त बनाने के लिए संघ निरन्तर कार्य कर रहा है। आगे उन्होंने समाज का आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक कार्य कर रहे हैं, इससे जुड़कर समाज का सहयोग करें जिससे अपना राष्ट्र सर्वांगीण उन्नति कर सके और भारत की एक विशेष छवि (विश्व गुरु ) परिलक्षित हो।

### दिखा अनुशासन का भव्य रूप

समारोह में अनुशासन का भव्य रूप दिखाई दिया। मुख्य शिक्षक प्रवेश जी के संपत की आज्ञा के पश्चात प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कार्यकर्ता पूर्ण गणवेष में संगठन द्वारा निर्धारित पंक्ति रचना के अनुसार निश्चित क्रम में खड़े हो गये। सह मुख्य शिक्षक रजत जी द्वारा दी जाने वाली सीटी के संकेत पर ही कार्यकर्ता एकलय, एक क्रम में अपनी गतिविधियों का प्रदर्शन कर रहे थे।

### घोष एवं शारीरिक प्रशिक्षण का प्रदर्शन बना आकर्षण का केन्द्र

दल प्रमुख राममिलन जी (प्रधानाचार्य सरस्वती शि.म., मीरजापुर) के नेतृत्व में घोष दल द्वारा वाद्य यंत्रों पर बजाई जा रही रचनाएं किरण, भूप, सोनभद्र, श्रीराम सुनकर समारोह स्थल पर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो रहे थे। शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्यकर्ताओं द्वारा किये जाने वाले प्रदर्शन से हर काई आकर्षित दिखा। कार्यकर्ताओं ने दण्ड, पदविन्यास, दण्ड युद्ध, यष्टि, नियुद्ध, सामूहिक समता, दण्ड समता, दण्ड व्यायाम योग, व्यायाम योग एवं आसन का प्रदर्शन कर अपने प्रतिभा से परिचित कराया। कार्यक्रम का प्रारम्भ संघ प्रार्थना एवं भगवा ध्वजप्रणाम के पश्चात किया गया। वर्ग का वृत्त निवेदन एवं अतिथि परिचय सच्चिदानन्द द्वारा कराया गया। सामूहित गीत ओमप्रकाश ने किया। अमृत वचन महेन्द्र एवं रोहित, एकल गीत आर्यन ने किया। उक्त अवसर पर अखिल भारतीय गौसेवा संयोजक अजित महापात्रा, संयुक्त क्षेत्र संयोजक प्रज्ञा प्रवाह रामाशीष जी, क्षेत्र कार्यवाह डॉ. वीरेन्द्र जायसवाल, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राजेन्द्र जी, मुख्य मार्ग प्रमुख राजेन्द्र सक्सेना, सह क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर जी, मा. प्रान्त संघचालक डा.विश्वनाथ लाल निगम, मा. सह प्रान्त संघचालक अंगराज जी, प्रान्त प्रचारक रमेश जी, प्रांत कार्यवाह मुरली पाल जी, सह प्रान्त प्रचारक मुनीष जी, वर्ग पालक रामचन्द्र जी एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति समेत वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही।

## बीमारी से अधेड़ की मौत पुलिस ने भेजा पीएम

प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के जिगना गांव निवासी राम सुंदर यादव उम्र 38 वर्ष पुत्र रामदेव यादव की अबूझ हाल में शुक्रवार को मौत हो गई बताया जाता है कि वह बीमार चल रहे थे वहीं परिजनों का कहना है कि लू लगने से उनकी मौत हुई है। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर शव को को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण को भेज दिया। थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि पी एम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

## बाल बाल बचा बाइक सवार

प्रखर कछवाँ रोड वाराणसी। मिर्जामुराद थानांतर्गत कछवाँ रोड चौराहे पर आए दिन हादसे का शिकार बाइक वाले और साईकल वाले होते रहते हैं उसकी वजह हैं ठेले वाले सब्जी मंडी के रास्ते से आप पुलिस बूथ की तरफ आओगे तो ठेले वाले अतिक्रमण कर ठेले पर कुछ ना कुछ रखें नाले के ऊपर दुकान लगा बैठते हैं जिसकी वजह से अगर कोई बड़ी बाहन आती है तो मोटरसाइकिल वाले साइकिल वाले अगर अपने वाये जाना चाहते हैं तो ठेले वालों की वजह से नहीं जा पाता अगर किसी ठेले वाले से बोला जाए की थोड़ा सा पीछे लगाओ तो वह गाली गलौज व मार झगड़े पर आमादा हो जाता है। जिसकी वजह से सब्जी मंडी से वापस आने वाले या जाने वाले दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो किसी ना किसी कोई अप्रिय घटना घट सकते हैं ठेले वाले इस तरह जाम लगा देते हैं कि जिसकी वजह से बाइक और फोर व्हीलर वाले आए दिन एक दूसरे से टकराते रहते हैं अगर ठेला वालों पर प्रशासन की नजर नहीं जाती है तो किसी दिन कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

## जीएसटी की टीम ने की छापेमारी, स्वीट हाउस और गोदाम पर की कार्यवाही




प्रखार ब्यूरो गाजीपुर। व्यापारियों की चोरी के मामलों को लेकर गुरुवार को जीएसटी की टीम ने जिले की प्रतिष्ठित मिठाई की दुकान अग्रवाल स्वीट तथा उसके टेढ़ी बाजार स्थित गोदाम पर रेड मारी। जीएसटी के अनियमितता की जांच करने। आज वाराणसी की द्वितीय इकाई के स्टेट जीएसटी एडिशनल कमिश्नर ने द्वारा प्रतिष्ठान और गोदाम पर छापेमारी की। जहां टीम द्वारा प्रत्येक सामान की लिस्टिंग की गई और लिस्टिंग के बाद बिक्री की गई सामानों के कागजात का मिलान विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया। जीएसटी के अधिकारियों के अनुसार छापेमारी की कार्यवाही में लखनऊ जीएसटी कमिश्नर के भी आने की उम्मीद है। जीएसटी विभाग के अफसर कागजातों की छानबीन किए। शहर के महुआ बाग में अग्रवाल स्वीट हाउस और टेढ़ी बाजार में गोदाम स्थित है जीएसटी की टीम ने दोनों स्थानों पर छापा मारा और जांच पड़ताल की।

## नौ साल सेवा व सुशासन के साथ कल्याणकारी योजनाओं को समर्पित रहा– डॉ अवधेश सिंह




### विधायक ने गिनाई विधानसभा विकास की गति

प्रखर बड़ागाँव वाराणसी। डॉ अवधेश सिंह ने कहाकि 9 साल सुशासन का रहा है।सबका साथ सबका विकास के उद्देश्य को लेकर सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब के लिए कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुचाने का काम किया है। उक्त बातें गुरुवार को बाबतपुर क्षेत्र स्थित एक होटल में कही। उन्होंने कहाकि पीएम मोदी के नौ वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। देश से लेकर विदेश तक उनके कार्यो की चर्चा होना देश के लिए गर्व की बात है। विधायक ने बताया कि पीएम मोदी ने 2014 में जब लालकिले से शपथ लेने के साथ ही स्वच्छता को विकास की प्रथम सीढ़ी मानते हुए समाज की कुप्रथा को खत्म कर हर घर मे शौचालय बनाने की बात कही। पीएम के इस कदम से प्रारम्भ भले ही अन्य राजनीतिक दलों ने निंदा की, लेकिन यह कदम हमारे समाज मे निर्णायक बना। इसी तरह स्वच्छता अभियान व उज्ज्वला योजना ,आयुष्मान कार्ड को भी हर घर तक बिना किसी भेदभाव के पहुँचा कर एक नए भारत के निर्माण की नींव रखी। कोरोना की विभीषिका में जब पूरा देश अपने जीवन को बचाने के लिये जूझ रहा था उस वक्त केंद्र सरकार ने बड़े स्तर पर लोगो को निशुल्क राशन उपलब्ध करा कर उनके जीवन को आसान किया। इसी तरह प्राइमरी स्कूल व बिजली की व्यव्यस्था हमारे प्रदेश में पूरी तरह से ध्वस्त थी, आज सबको शिक्षा व बिजली व मिल रही है। क्षेत्र में पिंडरा बड़ागाँव गंगापुर सहित कई अन्य स्वास्थ केंद्रों की तस्वीर बदल दी। उन्होंने पिंडरा विस् क्षेत्र में विकास कार्यो की चर्चा करते हुए कहा कि जनपद में एक मात्र नवीन आईटीआई कॉलेज, मॉडल थाना सिंधोरा, अमूल प्लांट, पैक हाउस और होम्योपैथी कॉलेज क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ स्वरोजगार का सृजन करेगा। विधानसभा में आमूल प्लांट का करखियाव में लगना पूरे क्षेत्र नही पूर्वांचल के लिये भी रोजगार सृजन में निर्णायक साबित होगा। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक डॉ अवधेश सिंह, पवन सिंह , डॉ जेपी दुबे, इलाका सिंह, अभिषेक राजपूत, हौसिला पांडेय समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने धमेख स्तूप सारनाथ में किया योग



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। 21 जून विश्व योग के उपलक्ष में धमेख स्तूप सारनाथ वाराणसी में 95 बटालियन के कमांडेंट अनिल कुमार बृक्ष की अध्यक्षता मे सुबह 05.30 बजे 06.30 बजे तक योग कार्यक्रम कराया गया जिसमें 95 बटालियन के ऑफिसर, जवान एव आम जनमानस ने भाग लिया इसका मुख्य उद्देश्य है ऑफिसर,जवान एवं आम जनमानस को जागरूक करना तथा शारीरिक रूप और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना इस कार्यक्रम के योग गुरु योगेश्वर नाथ श्री काल भैरव परिवार थे। इस अवसर पर योग गुरू द्वारा प्राणायाम करने के लिए बताया गया जिसमें प्रमुख तौर पर कपालभाति,अनुलोम–विलोम भ्रामरी, ओम व्यायाम आदि कराए गए। कमांडेंट 95 बटालियन ने प्राणायाम, व्यायाम के फायदे ऑफिसर वह जवानों को बताया। जीवन में योग की अहमियत को समझाने के मकसद से हर साल दुनियाभर में 21 जून को विश्न योग दिवस मनाया जाता है द्य कार्यक्रम के अन्त में अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन ने वहां पर उपस्थित आम जनमानस व ऑफिसर, जवानों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किये। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, निरीक्षक कुमार राजीव, कमलेश कुमार, विकास तिवारी , प्रवीण सिंह, आशुतोष तिवारी एव जवानों, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सारनाथ से प्रदीप कुमार त्रिपाठी ।।ए , नीतीश कुमार मिश्रा ।।ए सुनील सिंह इत्यादि ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शोभा सारनाथ उपस्थित धमेख स्तूप और आम जनमानस ने बढ़ाया।

## ट्रक ने ट्रक में पीछे से मारी टक्कर खलासी की मौत

**घटना वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर स्थित चित विश्राम त्रिमुहानी की**

प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित चित विश्राम त्रिमुहानी पर शुक्रवार की सुबह हाईवा ट्रक अपने आगे जा रही ट्रक मे जोरदार टक्कर मार दिया जिससे हाईवा ट्रक के खलासी की मौके पर ही मौत हो गई । घटना के सम्बन्ध में थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह ने बताया शुक्रवार की सुबह दोनों ट्रक गिट्टी लेकर वाराणसी की तरफ जा रही थी की आगे चल रही ट्रक ने ब्रेक ले लिया जिससे पीछे वाली ट्रक आगे की ट्रक में भीड़ गई । जिससे पीछे के ट्रक के खलासी लाल बहादुर पुत्र बुधराम उम्र 28 वर्ष निवासी पहीका मारकुंडी थाना चोपन जनपद सोनभद्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण को भेज दिया।

## गौरव सिंह बने भाजपा किसान मोर्चा के जिला शोध प्रमुख



प्रखर चौबेपुर वाराणसी। भाजपा के जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा रामप्रकाश सिंह ने चिरइगांव के युवा भाजपा नेता गौरव सिंह को जिला शोध प्रमुख का दायित्व सौपा,खबर कि घोषणा के बाद जिला के पदाधिकारियों ने बधाई दिया बधाई देने वालो में जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा धीरज मिश्रा,मण्डल महामंत्री चिरइगांव श्यामकार्तिक मिश्रा,मण्डल अध्यक्ष कि.मो. देवमणि तिवारी,जिला कार्यसमिति सदस्य गौरव सिंह ,अजय पांडेय प्रधानाचार्य नारायणपुर इंटर कॉलेज ,मोनू,अवनीश पाठक तथा सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पोषक आहार एवं योग विषय पर आभासी वाद–विवाद प्रतियोगिता का केवी 39 जीटीसी में आयोजन

प्रखर वाराणसी। शुक्रवार को योग सप्ताह के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय में श्पोषक आहार एवं योग विषय पर आभासी वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संचालन श्री एम हसन, प्रधानाध्यापक, ने सभी का स्वागत एवं अभिनंदन से आरंभ किया। योग प्रशिक्षक, सुश्री सत्या सिंह ने बताया कि स्वस्थ तन और मन के लिए संतुलित आहार एवं योग अत्यंत आवश्यक है। तद्पश्चात वाद– विवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने– अपने विचार इस विषय पर पूरे तर्क के साथ प्रस्तुत किए। अंत में श्री मनिंदर सिंह ने बैठक में शामिल माननीय प्राचार्य जी ,शिक्षकों एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वश्री एच एन त्रिपाठी, ए के खरवार, अनंत कुमार, जे पी सिंह, बी पी तिवारी,आर बी सिंह आदि ने अपना भरपूर योगदान दिया।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक ‘पंकज सिंह’ के लिए सम्पादक ‘अरूण सिंह’ द्वारा ‘गायत्री प्रिंटिंग प्रेस’ सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं